# खनन से तीन महीनों में 331 करोड़ मिला राजस्व

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 के तिमाही में तीन अरब से अधिक का राजस्व जुटाया है। पिछले वर्षों की तुलना में यह अधिक है।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक राजपाल लेघा कहते हैं कि विभाग राजस्व बढ़ाने का प्रयास कर रहा है, वर्ष 2022-2023, 2023-2024 और 2024-2025 के वित्तीय वर्ष के तिमाही में क्रमशः 146.18, 177.27 और 270.37 करोड़ का राजस्व मिला था। जबकि इस वित्तीय वर्ष की तिमाही में 331.14 करोड़ का राजस्व मिला है, यह 22 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खनन नीति को सरलीकरण करने एवं अवैध खनन परिवहन भंडारण पर अंकुश लगाने की वजह से यह संभव हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग ने कुल 1040.57 करोड़ का राजस्व एकत्र किया था।

## 45 माइन चेक गेट स्थापित होंगे

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग अवैध खनन और परिवहन और अधिक अंकुश के लिए 45 माइन गेट को स्थापित करने को लेकर भी काम कर रहा है। इन गेटों पर आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे, जिससे निगरानी का काम और बेहतर हो सकेगा।

---

राज्य के हित में खनिज संसाधनों का समुचित और युक्तिसंगत तरीके से उपयोग करने पर ध्यान देने के साथ ही अवैध खनन पर सख्त नियंत्रण, पारदर्शी व्यवस्था, ठोस निगरानी और नियमों के सख्त अनुपालन पर जोर दिया गया है। आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर खनन प्रक्रियाओं को बेहतर बनाया गया है, जिससे खनिज संपदा का समुचित दोहन हो और राज्य की आय में बढ़ोतरी हो। इसके अलावा खनन उद्योग से जुड़े रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। **-पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री